**कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0,**
**संख्या–अति–3 / 12 / PCS(J.)(Pre.) /2016-17**
**इलाहाबाद : दिनांक 15 नवम्बर, 2016**

प्रेस–विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन सं0–ए–2 / ई–1 / 2016 दिनांक 29–7–2016 के कम में सर्वधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जू0डि0) (प्रा0) परीक्षा–2016, जो आयोग द्वारा दिनांक 16–10–2016 को आयोजित की गयी थी, में कुल 40208 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया था जिसमें कुल 18903 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। प्रश्नगत परीक्षा में 31 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन 04 से अधिक अवसर पूर्ण होने के कारण तथा 26 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन अधिवयस्क होने के कारण निरस्त कर दिया गया है । इन अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है । उक्त परीक्षा का परिणाम आज दिनांक 15–11–2016 को घोषित कर दिया गया है, जिसमें कुल 2246. अभ्यर्थी आयोग द्वारा सफल घोषित किये गये है । परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट **"http://uppsc.up.nic.in** पर तथा आयोग कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 18–11–2016 से 24–11–2016 तक उपलब्ध रहेंगे तथा इस संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत पृथक से प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। प्रश्नगत परीक्षा के दोनों प्रश्न–पत्रों की उत्तर कुंजी तथा श्रेणीवार कट ऑफ प्राप्तांक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है ।

मुख्य परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यकमानुसार दिनांक 18 दिसम्बर 2016 से **इलाहाबाद** व **लखनऊ** जनपदों में आयोजित होना प्रस्तावित है । सफल अभ्यर्थियों द्वारा आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 18–11–2016 से मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का विकल्प आदि कार्यवाही की जा सकेगी । इस सम्बन्ध में आयोग कार्यालय द्वारा विस्तृत विज्ञप्ति अलग से जारी की जायेगी ।

( प्रभुनाथ )
परीक्षा नियंत्रक।

**उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जू0डि0) (प्रा0) परीक्षा 2016** से सम्बन्धित सभी श्रेणियो / वर्गवार कट ऑफ अंक निम्न प्रकार है :-

| क्रमांक | श्रेणी | श्रेणीवार अभ्यर्थियों के कट ऑफ मार्क्स |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | सामान्य | 286 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 233 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 178 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 273 |
| 5 | डी0एफ0एफ0 | 238 |
| 6 | महिला | 284 |